राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, दिल्ली सरकार
9वां तल–ए विंग, आई पी एस्टेट, नई दिल्ली

तारांकित / अतारांकित	:	तारांकित
प्रश्न संख्या	:	03
दिनांक	:	29.07.2021
प्रश्नकर्त्ता का नाम	:	घर्मपाल लाकडा

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:–

	प्रश्न	उत्तर
क)	क्या सरकार अवगत है कि मुंडका विधानसभा क्षेत्र में 21 गाँव और 108 अनधिकृत कॉलोनियाँ है, जिनमें चार लाख से अधिक जनसंख्या रहती है;	वर्तमान समय में मुंडका विधानसभा क्षेत्र में दिल्ली सरकार को कोई बडा सरकारी अस्पताल नहीं है ।
ख)	क्या यह भी सत्य है कि इतनी विशाल जनसंख्या और लगातार हो रही माँग के बावजूद यहाँ कोई बडा अस्पताल नहीं है;	
ग)	क्या यह भी सत्य है कि जनता को स्वास्थ्य सेवाएँ प्राप्त करने के लिए या तो बहुत दूर तक यात्रा करनी पड़ती है, अथवा प्राइवेट अस्पतालों में बहुत अधिक पैसे खर्च करने पड़ते है	वर्तमान समय में मुंडका विधानसभा के नजदीक निम्नलिखित दिल्ली सरकार के अस्पताल कार्य कर रहे हैं जहां से मुंडका विधानसभा की जनता स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त कर रही हैं :– 1. संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल, मंगोलपुरी 2. डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर अस्पताल, रोहिणी 3. गुरू गोविन्द सिंह जनरल अस्पताल, रघुवीर नगर
घ)	उक्त तथ्यों को देखते हुए क्या सरकार की इस क्षेत्र में 400–500 बिस्तरों वाले एक अस्पताल के निर्माण के साथ–साथ स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार की कोई योजना है;	जी हां ।
ड)	यदि हाँ, तो उसका विवरण क्या है, और;	मुंडका विधानसभा के नजदीक 03 बडे दिल्ली सरकार के अस्पताल 1. ज्वालापुरी में लगभग 12% निर्माण कार्य पूरा हो चुका है । 2. मादीपुर में लगभग 12% निर्माण कार्य पूरा हो चुका है । 3. किराडी में प्लॉट संख्या पीएसपी–06, सैक्टर–41, फेस–5, रोहिणी, दिल्ली में 1.0956 हैक्टेयर भूमि का अधिग्रहण कर लिया गया है, जिसपर 458 बैड का अस्पताल प्रस्तावित है ।
च)	यदि नहीं, तो उसका कारण क्या है?	उपरोक्तानुसार लागू नहीं ।

भूपिन्दर भल्ला

(भूपिन्दर सिंह भल्ला)
अतिरिक्त मुख्य सचिव
स्वास्थ्य एंव परिवार कल्याण विभाग
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार

Bhupinder S. Bhalla
Addl. Chief Secretary
Health & Family Welfare Deptt.
Govt. of NCT of Delhi
Delhi Secretariat, New Delhi-02